भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 169
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निधि

†169. श्री के. राधाकृष्णनः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान केरल राज्य को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निधि का केन्द्रीय हिस्सा जारी नहीं किया है;
(ख) यदि हां, तो ऐसी निधि जारी नहीं करने अथवा विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत केरल को जारी की जाने वाली केंद्रीय सहायता की कुल कितनी राशि लंबित है; और
(घ) सरकार द्वारा लंबित निधि कब तक जारी करने का विचार है ताकी उक्त राज्य में विद्यालयी शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों का कार्यान्वयन प्रभावित नहीं हो?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय भाग में से आवंटित 452.04 करोड़ रुपए में से चालू वित्त वर्ष के दौरान केरल राज्य को पहली किश्त के रूप में 92.41 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। शेष केंद्रीय भाग राज्य को जारी किया जाता है बशर्त कि योजना के रिलीज मानदंड और वित्त मंत्रालय के समय-समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाए।

*****